तापमान

अधिकतम 37.2 डिग्री

न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 मई 2025

14 जनता की हर मांग पूरी की जाएगी : विधायक



14 हितग्राहियों को जॉब, राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका...





## खबर संक्षेप

### वेल्डिंग दुकान में चोरी

**महासमुंद।** शहर के तुमगांव रोड के समीप ईदगाह भांठा स्थित वेल्डिंग दुकान से तांबे का तार चोरी हो गया। कोतवाली पुलिस ने बताया कि प्रार्थी कौशल चंद्राकर पिता बद्रीनाथ चंद्राकर निवासी कौंदकेरा का तुमगांव रोड ईदगाह भाठा के पास में चंद्राकर मोटर वेल्डिंग दुकान है। बीते 23 जनवरी की रात अज्ञात चोर ने उसके दुकान के शटर में लगे ताला को तोड़कर पुराना तांबा तार कीमत करीबन 5000 रुपए को चोरी कर लिया। मामले में धारा 331 (4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### शराब पिलाने की सुविधा देने पर दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** शराब पीने-पिलाने की सुविधा उपलब्ध कराने वाले दो लोगों के खिलाफ सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम बारीकपाली में एक व्यक्ति द्वारा अपने घर के सामने में आम लोगों को शराब पीने पिलाने की सुविधा दिए जाने की सूचना पर मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी नित्यानंद साव पिता जगु लाल साव (36 साल) बारीकपाली और रामप्रसाद साव पिता बढ़ाई साव (50 साल) बारीकपाली के खिलाफ धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### अधेड़ से मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम कारागुला में एक व्यक्ति के साथ मारपीट के मामले में कोमाखान थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी पीतांबर लाल दीवान पिता सीताराम दीवान (48 वर्ष) ग्राम कारागुला ने बताया कि 3 मई को सुबह 10 बजे अपने घर के दरवाजे के पास खड़ा था, तभी इतेश दीवान पिता फूलसिंग दीवान गली से उसे घूरते हुए गुजरा और कुछ दूर जाकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मारपीट से उसके बांये हाथ का उंगली टूट गई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 296,115(2), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### युवक से मारपीट

**महासमुंद।** दोस्त की बारात में शामिल होने ग्राम कापूकुंडा गए एक युवक के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस को प्रार्थी करन निषाद निवासी सुंदर नगर बलौदा ने बतायाकि 4 मई को वह अपने दोस्त सुरेंद्र विशाल की बारात में शरीक होने रात्रि में ग्राम कापूकुंडा गया था, उसी रात्रि 5 मई को करीबन 12.30 बजे मेन रोड ग्राम कापूकुंडा में खड़ा था तभी आरोपी धनुर्जय बरिहा आया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर बलौदा थाने में आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# खराब मौसम और बारिश ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लगातार मौसम खराब होने और बारिश की आशंका ने तेंदूपत्ता संग्राहकों की चिंता बढ़ा दी है। खराब मौसम ने इस बार तेंदूपत्ता संग्राहकों की आस पर पानी फेर दिया है। लगातार बेमौसम बारिश होने से तेंदूपत्ता संग्रहण पर बुरा प्रभाव पड़ा है। संग्रहण कार्य पर ब्रेक लग गया है और इसकी खरीदी पर भी ग्रहण लग गया है।

बारिश और बदलते मौसम के कारण कई फड़ों में खरीदी का कार्य चालू भी नही हो पाया है जिससे तेंदूपत्ता खरीदी प्रभावित हो रही है। तेंदूपत्ता तोड़ाई का कार्य जोरों पर है लेकिन दोपहर के बाद हो रही लगातार बारिश ने एक बार फिर तेंदूपत्ता संग्राहकों को नुकसान पहुंचाया है।

अफसरों की मानें तो तैयारी जारी है। लेकिन, मौसम में परिवर्तन होने व पिछले दिनों ओलावृष्टि से असर पड़ा है। मौसम विभाग ने बारिश की संभावना जताई है। पत्तों को तेज धूप में रखना होता है। फड़ भी गीला है। ऐसे में तेज धूप खिलने पर ही तेंदूपत्ता खरीदी शुरु होगा।

## लगातार बेमौसम बारिश होने से तेंदूपत्ता संग्रहण पर पड़ रहा बुरा प्रभाव

### ग्रामीणों के आय पर होगा असर

खराब मौसम ने इस बार तेंदूपत्ता संग्राहकों की आस पर पानी फेर दिया है। तेंदूपत्ता ग्रामीणों के लिए आय का सबसे बड़ा स्रोत है। संग्रहण कार्य से जिसे के हजारों परिवारों को रोजगार मिलता है। इससे ग्रामीण की आर्थिक मजबूती होती है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस कार्य में बारिश सबसे बड़ा रोड़ा बन गया है। बेमौसम बारिश से एक ओर जहां तेंदूपत्ता की गुणवत्ता खराब हो रही है वहीं संग्रहण में भी परेशानी हो रही है।



### तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य

मिली जानकारी के अनुसार 91300 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। पिछले सप्ताहभर से मौसम में बार-बार परिवर्तन व ओलावृष्टि से तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर असर पड़ा है। फड़ भी गीला हो गया है। इधर, तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को इस साल उनके बैंक खाते में ऑनलाइन राशि अंतरित की जाएगी। इस बार भी तेंदूपत्ता के लिए 5500 रुपए प्रतिमानक बोरा की दर से खरीदी होगी। पिछले तीन वर्षों से 91300 मानक बोरा लक्ष्य रखा जा रहा है। लक्ष्य में बढ़ोतरी इस वर्ष भी नहीं की गई है।

**घटना :** बागबाहरा नगर के वार्ड क्रमांक 4 का मामला, क्षेत्र में शोक का माहौल

# पेड़ काटने के दौरान गर्दन पर चल गई कटर मशीन, युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

आंधी तूफान के बाद गिरे हुए पेड़ की छटाई के दौरान हुए एक हादसे में युवक की जान चली गई। मामला जिले के बागबाहरा के वार्ड क्रमांक 4 का है। जहां 35 वर्षीय युवक की कटर मशीन से पेड़ काटने के दौरान हादसे में मौके पर ही मौत हो गई। जिले के बागबाहरा थाना क्षेत्र में बारिश और अंधड़ के बाद यह हादसा हुआ। आंधी के बाद नीम का पेड़ कटाई का काम चल रहा था। कटर गलती से वहां काम कर रहे युवक के गर्दन पर चल गई, जिससे घटना स्थल पर ही युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 4 निवासी ललित यादव पिता राधेश्याम यादव उम्र 35 वर्ष सोमवार की सुबह अपने रिश्तेदार के यहां नीम का पेड़ की डालियों को युवक कटर मशीन से काट रहा था कि अचानक युवक का बैलेंस बिगड़ा और मशीन युवक के गले को काटते हुए मशीन उसके छाती में घुस गया, जिससे युवक की मौके पर मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।



### शोक का माहौल

इस हादसे से इलाके में शोक का माहौल है। ललित यादव के परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट गया है। लोगों को समझ नहीं आ रहा है कि डाल कटाई के दौरान इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई। अब पूरी घटना में जांच के बाद अहम खुलासा हो सकेगा कि लापरवाही किसकी थी?

### मामले की जांच की जा रही

पहली नजर में यह घटना एक हादसे की तरह दिखता है। युवक की मौत हैंड कटर मशीन से हो गई। नीम की डाल की छटनी करते वक्त दुर्घटनावश घटित हुई है। मामले की जांच की जा रही है और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**- अजय सिन्हा,** थानेदार, बागबाहरा थाना

### एक्सीडेंट में कार क्षतिग्रस्त, एक घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 बिटांगीपाली के पास ट्रैक्टर से टकराकर कार क्षतिग्रस्त हो गई, वहीं एक युवक घायल हो गया। बसना पुलिस को प्रार्थी अनिल कुमार पटेल निवासी झारसुगड़ा ने बताया कि वह कपाटी ओडिशा शादी समारोह में शामिल होने गया था। 5 मई को अपनी कार ओडी 23 बी 3288 से वापस झारसुगड़ा जा रहा था। उसकी कार के आगे आगे ट्रैक्टर क्र सीजी 06 जीसी 2480 जा रहा था, जैसे ही एनएच 53 रोड बिटांगीपाली में वह 8 बजे बजे पहुंचा, आगे चल रहे ट्रैक्टर के चालक ने बिना संकेत दिए अचानक मोड़ दिया, जिससे उसकी कार ट्रैक्टर के ट्राली से टकरा गई। टकराने से कार के सामने का कांच टूट गया जिससे प्रार्थी के माथे में तथा स्टेयरिंग छाती में लगने से चोट आई। मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मीटिंग को लेकर विवाद

**महासमुंद।** ग्राम भोरिंग में मीटिंग को लेकर विवाद करते हुए तीन लोगों ने एक व्यक्ति के साथ विवाद करते हुए गाली गलौज कर दिया। मामले की रिपोर्ट तुमगांव थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को रमेश कुमार साहू निवासी भोरिंग ने बताया कि 4 मई की रात में समिति का पैसा पटाने के लिए टिकेलाल साहू के फल दुकान में गया था, तभी वहां पर गांव कोटवार द्वारा ग्राम विकास समिति के गठन संबंधी मीटिंग साहू समाज के भवन में होने के संबंध में मुनादी कर रहा था। तभी वहां पर हेमधर आवड़े प्रार्थी के साथ साहू समाज में ही मीटिंग करा रहे हो कहकर वाद विवाद करने लगा। थोड़ी देर बात फोन में आरोपी हेमधर आवड़े के पुत्र पराग आवड़े और उसके चाचा गिरधर आवड़े द्वारा गाली गलौज की गई। मामले में धारा 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# पहले दिन धान खरीदी की नहीं हो पाई बोहनी

## नीलामी की सभी तैयारी पूरी, पर नहीं पहुंचा धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पिटियाझर कृषि उपज मंडी में धान खरीदी के पहले दिन कोई किसान धान बेचने नही पहुंचा। बता दें कि मंगलवार से रबी फसल धान की खरीदी शुरू होने वाली थी। पर, धान न पहुंचने के कारण खरीदी की बोहनी तक नहीं हो पाई।

बता दें कि खरीफ के धान को सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदती है। इसलिए किसानों को खरीफ का धान बेचने की समस्या नहीं होती। वहीं रबी सीजन का धान बेचने किसानों को भटकना पड़ता था और वे अपने धान को औने-पौने दाम पर बेचने मजबूर थे। इस समस्या को देखते हुए दो वर्ष पहले से पिटियाझर कृषि उपज मंडी में रबी धान को बेचने की व्यवस्था की गई। जिसके बाद से ही कृषि उपज मंडियों में पिछले दो सालों से रबी सीजन धान की खरीदी शुरू होने और किसानों को मंडी में उचित दाम मिलने से मंडियों में धान की आवक लगातार बढ़ी। पिछले दो साल की तरह इस साल भी महासमुंद कृषि उपज मंडी अंतर्गत आने वाले 195 गांवों के किसानों के लिए आज 5 मई से मंडी प्रांगण में सुबह 9 बजे से नीलामी का समय रखा गया था।



कृषि उपज मंडी सचिव पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि नीलामी की सभी तैयारी पूरी कर ली गई थी, पर आज पहले दिन कोई भी किसान धान लेकर नहीं पहुंचा जिससे खरीदी शुरू नहीं हो पाई।

### पिछले साल 30 हजार क्विंटल से अधिक की खरीदी

मंडी सचिव ने बताया कि महासमुंद कृषि उपज मंडी अंतर्गत 195 गांव आते हैं। जिनके किसान यहाँ धान बेचने आते हैं। महासमुंद के अलावा बागबाहरा क्षेत्र के किसान भी पिछले साल धान बेचने पहुंचे थे। गत वर्ष मंडी प्रांगण में 5 मई से 12 जून तक रबी फसल धान की खरीदी हुई थी इस दौरान 30 हजार 75 क्विंटल धान खरीदा गया था। जिसमें अधिकतर खरोरा,बेमचा, साराडीह, अरंड, हाड़ाबंद और तुमगांव क्षेत्र के कुछ गांव के किसान धान बेचने यहाँ पहुंचे थे। गत वर्ष मोटा धान 18 सौ रुपए प्रति क्विंटल, पतला 23 सौ और 2 हजार प्रति क्विंटल तक की बोली लगी थी।

### फसल कटाई में तेजी के साथ ही बढ़ेगी धान की आवक

पिछले एक हफ्ते से भी अधिक समय से आएदिन आंधी और बारिश से खेत गीला हो गया है जिसकी वजह से कटाई प्रभावित हुई है। यही कारण है कि मंडी तक धान नहीं पहुंचा। कुछ दिनों बाद फसल कटाई में भी तेजी आएगी जिसके बाद किसान धान लेकर मंडी पहुंचेंगे। मंडी सचिव पूरन सिंह कश्यप ने बताया कि किसानों से लगातार अपील की जा रही है कि वे उपज बेचने मंडी पहुंचें। यह व्यवस्था किसानों को उनकी उपज का सही दाम मिले इसलिए किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले दिन भले ही एक भी किसान नहीं पहुंचे लेकिन धीरे-धीरे किसान धान बेचने यहां पहुंचेंगे।





**5 से 6 डिग्री गिरा तापमान, भीषण गर्मी से राहत**

# मौसम में बदलाव के साथ तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अप्रैल के अंतिम व मई के शुरूआत में मौसम में हुए बदलाव से गर्मी से राहत मिली। शनिवार को शाम को रूक-रूककर देर रात तक बारिश होती रही। वहीं रविवार को सुबह से बादल छाए रहे। दोपहर में तपन का अहसास कम हुआ। शाम को मौसम खुशनुमा रहा। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में 5 से 6 डिग्री गिरावट दर्ज की गई।

एक साथ दो सिस्टम सक्रिय होने से जिले में पिछले सप्ताह भर से मौसम बदला हुआ है। शुक्रवार को भी सुबह तेज बारिश हुई। इसके बाद दोपहर में धूप का नजारा रहा। इसके बाद दूसरे दिन शनिवार को भी मौसम कुछ ऐसा ही रहा। सुबह 10 बजे से लोग गर्मी से परेशान रहे। इसके बाद दोपहर 2 बजे जिले का तापमान 41 डिग्री पर पहुंच गया। दोपहर में सड़क में सन्नाटा पसर गया। 4 बजे मौसम ने अचानक करवट बदल ली। फिर काले बादल छा गए। तेज आंधी का दौर चला। फिर घंटे भर तक तेज बारिश हुई। इसके बाद बूंदाबांदी का दौर शुरू हो गया। इसके बाद रविवार को सुबह से ही बादल छाए रहे। तेज धूप नहीं निकली, लोग सोच रहे थे कि बारिश होगी। हालांकि बारिश नहीं हुई। लेकिन गर्मी से राहत मिली। रविवार को दिन का तापमान 36.2 तो रात का तापमान 21.4 डिग्री दर्ज किया गया। सप्ताह भर पहले जहां भीषण गर्मी से लोग परेशान हो रहे थे, तापमान 44 डिग्री पर पहुंच गया था।



### आज से फिर तापमान में वृद्धि का दौर शुरू

मौसम विभाग रायपुर के वैज्ञानिक एचपी चंद्रा के अनुसार एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका मध्य उत्तर प्रदेश से दक्षिण तमिलनाडू तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक-दो स्थानों पर शाम को हल्की बूंदाबांदी होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। जिले में अधिकतम तापमान में वृद्धि का दौर प्रारंभ होने की संभावना है। अब फिर भीषण गर्मी का पड़ने की संभावना है।

# प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में लगने लगे स्मार्ट मीटर, पावर कंपनी हुई गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं के मीटरों को बदलकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। सबसे पहले सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का आगाज किया गया था। सवा लाख से ज्यादा सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगने हैं, लेकिन करीब एक साल में दस फीसदी दफ्तरों में भी स्मार्ट मीटर नहीं लग सके।

महज सात हजार दफ्तरों में ही स्मार्ट मीटर लग पाए थे, इस खबर के हरिभूमि में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बाद इस मामले को पॉवर कंपनी ने गंभीरता से लिया है और अब सरकारी दफ्तरों में मीटर लगाने का काम प्रारंभ किया गया है। अब तक 12 हजार दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लग गए हैं। इन दफ्तरों में थ्री फेज मीटर लगने हैं जो स्मार्ट मीटर लगाने वाली ठेका कंपनियों के पास नहीं थे। लेकिन अब इन मीटरों को प्राथमिकता के साथ मंगाकर दफ्तरों में लगाए जा रहे हैं। सरकारी विभाग ही बिजली का बिल जमा करने में हमेशा से लापरवाह रहे हैं, इस समय भी सरकारी विभागों में ढाई हजार करोड़ का बकाया है। बिजली बिल जमा करने के मामले में प्रदेश के सरकारी विभाग छत्तीसगढ़ के अलग बनने के बाद से ही बेलगाम हैं। इन पर कितना भी बिल बकाया हो जाए, इनका कनेक्शन कट नहीं किया जाता है। लेकिन आम उपभोक्ता का थोड़ा सा बकाया होने पर पॉवर कंपनी के कर्मचारी कनेक्शन काटने पहुंच जाते हैं। हाल ही में 40 हजार से ज्यादा आम उपभोक्ताओं की बिजली कट की गई तो उपभोक्ताओं ने 25 करोड़ जमा किए। इधर पॉवर कंपनी हमेशा से सरकारी विभागों पर बकाया को लेकर परेशान रही है। छत्तीसगढ़ बनने के बाद कभी भी ऐसा नहीं हुआ है कि सरकारी विभागों पर बकाया पूरी तरह से समाप्त हो गया हो।

खबर का असर

## सरकारी विभागों पर है पॉवर कंपनी का ढाई हजार करोड़ बकाया

### अब पांच हजार और लगे

हरिभूमि में खबर का प्रकाशन होने पर ठेका कंपनियों पर सरकारी दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाने का दबाव बढ़ाया गया तो कंपनियों ने मीटर का स्टॉक मंगाकर अब मीटर लगाने का काम वापस प्रारंभ किया है। वापस काम प्रारंभ होने पर अब तक पांच हजार और दफ्तरों में मीटर लगाए जा चुके हैं। कुल मिलाकर सवा लाख में से अब तक 12 हजार दफ्तरों में मीटर लग गए हैं। अब जल्द से जल्द सभी दफ्तरों में मीटर लगाने की तैयारी है।


सालभर में दस फीसदी सरकारी दफ्तरों में भी नहीं लगा पाए स्मार्ट मीटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

सिर्फ सात हजार मीटर ही लगे

यह है वजह

### लगे थे महज सिर्फ सात हजार मीटर

प्रदेश में करीब 58 लाख स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। इसके लिए टाटा और जीनस कंपनी को ठेका मिला है। 55 लाख से ज्यादा आम उपभोक्ताओं के मीटर लगने हैं। इसी के साथ दो लाख से ज्यादा ट्रांसफार्मरों में मीटर लगेंगे। इसी के साथ 129332 सरकारी दफ्तरों में से पहले महज 7107 दफ्तरों में ही मीटर लग पाए थे। सरकारी दफ्तरों में अब तक स्मार्ट मीटर न लग पाने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे थे कि इन सभी में थ्री फेज वाले अलग तरह के मीटर लगने हैं। ज्यादातर सरकारी दफ्तरों के कनेक्शन 15 किलो वॉट से ज्यादा के हैं। ऐसे में इन दफ्तरों में लगने वाले मीटर ठेका लेने वाली कंपनियों के पास उपलब्ध नहीं थे, इसके कारण मीटर नहीं लग पा रहे थे।

## खबर संक्षेप



### शहीदों के लिए विशेष प्रार्थना की, निकाला जुलूस

**रायपुर।** संत तेरेसा चर्च अमलीडीह द्वारा रविवार को पहलगाम में आंतकी हमले से हुए शहीदों को प्रार्थना में विशेष रूप से स्मरण किया गया। इसके बाद चर्च परिसर से महाराणप्रताप चौक, अमलीडीह तक मौन जुलूस निकाला गया। चौक पर शहीदों के तस्वीर पर फूलार्पण और मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही आतंकवाद के विरुद्ध विरोध प्रदर्शित किया गया। इस जुलूस में लगभग 300 लोग शामिल हुए।

### जिला कांग्रेस कमेटी की हुई बैठक, कांग्रेस भवन में 11 को होगी आमसभा



**रायपुर।** गांधी मैदान स्थित कांग्रेस भवन में रविवार को संविधान बचाओ आंदोलन के लिए रायपुर जिला कांग्रेस कमेटी की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं के सहमति और विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया कि जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के संयुक्त रूप से कांग्रेस भवन गांधी मैदान में 11 मई को सभा होगी। सभा के बाद गांधी मैदान से जिला कलेक्ट्रेट चौक स्थित संविधान निर्माता डा. भीम राव अंबेडकर की मूर्ति तक रैली के रूप में पहुंचकर डॉ अंबेडकरजी की पुष्पांजलि कर कार्यक्रम की समाप्ति की जाएगी। बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने कहा, संवैधानिक मूल्यों को बचाने हम सभी को मिलकर लड़ने पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेंद्र साहू, वरिष्ठ नेता पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सांसद छाया वर्मा, गिरीश दुबे, शैलेश नितिन त्रिवेदी, पंकज शर्मा, शकुन डहरिया, ब्लॉक अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, विद्याभूषण सोनवानी, सौरभ मिश्रा, दुर्गेश वर्मा, हरिशंकर निषाद आदि उपस्थित रहे।

### महेंद्र बने लायंस क्लब रायपुर सीनियर के अध्यक्ष



**रायपुर।** लायंस क्लब रायपुर सीनियर का आगामी सत्र 2025-26 के लिए नवीन पीएसटी एवं अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस अवसर पर चुनाव अधिकारी लायन एमजेएफ संतोष गुप्ता की उपस्थिति में सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का निर्वाचन किया गया, जिसमें अध्यक्ष लायन महेंद्र मित्तल, उपाध्यक्ष गजानंद अग्रवाल और प्रेमनारायण गुप्ता को बनाया गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव दीपक प्रताप सिन्हा, कोषाध्यक्ष दिवाकर अवस्थी, पीआरओ महेश अग्रवाल, टेलटैमर राज शर्मा, टेलट्विस्टर प्यारे लाल अग्रवाल को चुना गया है। साथ ही कार्यकारिणी में संचालक सदस्यों के रूप में लायन डॉ. निरंजन हरितवाल, अशोक अग्रवाल, एमजेएफ संतोष गुप्ता, सुनील गुप्ता, अशोक अग्रवाल एवं दिलीप भल्ला शामिल किए गए।

### बूढ़ापारा के जयप्रकाश तंबोली ने विद्युत विभाग से शिकायत की, जवाब मिला हमारा नहीं

# बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन में 5 दिन से लाइट बंद डेक के लिए बनाई रस्सी टूटी, तालाब में घूम रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी के ऐतिहासिक सरोवर बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण पर 30 करोड़ फूंकने के बाद भी इसकी सुंदरता निखर नहीं पायी। तालाब के बीच स्थित नीलाभ गार्डन में 5 दिनों से लाइट बंद पड़ी है। गार्डन में पानी भरा हुआ है, जिससे गार्डन आने जाने वालों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

■ निदान 1100 में शिकायत की, जवाब मिला पर्यटन विभाग देखेगा


बूढ़ापारा निवासी जयप्रकाश तंबोली ने नीलाभ उद्यान के मुख्य द्वार से लेकर गार्डन तक लाइट बंद होने की शिकायत पहले बूढ़ापारा बिजली आफिस में की, वहां जवाब मिला यह हमारे यहां नहीं आता। लाखे नगर बिजली आफिस में शिकायत करने गये, वहां जवाब मिला हमारा क्षेत्र नहीं है। थक-हार कर श्री तंबोली नगर निगम मुख्यालय में ऑनशिकायत प्रणाली निदान 1100 में बूढ़ा गार्डन में बिजली बंद की शिकायत दर्ज कराई। वहां उन्हें जो जवाब मिला वह चौंकाने वाला रहा। उनसे फोन पर कहा गया, पर्यटन विभाग वाले देखेंगे। यानी नगर निगम, बिजली विभाग को आम जनता की परेशानी से कोई वास्ता नहीं रहा।

बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन वाले हिस्से की लाइट 5 दिनों से बंद पड़ी है। स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा से लगे हिस्से में लाइट गुल और निगम प्रशासन बेखबर है। गार्डन में सुबह-शाम लोगों का आना जाना रहता है, लाइट गुल होने से गार्डन में जाना खतरे से खाली नहीं है। अंधेरे में डूबे नीलाभ गार्डन में पानी भरा हुआ है। इसकी शिकायत न बिजली विभाग दर्ज कर रहा है न कि निदान 1100 में सुनवाई हो रही है। यही नहीं, बूढ़ातालाब से दानी स्कूल वाले रास्ते के बीच रायपुर स्मार्ट सिटी की अनुबंधित एजेंसी द्वारा नौकाविहार के लिए बनवाया गये फ्लोटिंग डेक की रस्सी टूटकर पानी में डूब गई है। यह हिस्सा पानी में लहराने लगा है। इस ओर न निगम प्रशासन का ध्यान है, न ही छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल से अनुबंधित एजेंसी का। कुल मिलाकर 30 करोड़ बूढ़ातालाब में खर्च करने के बाद भी परिक्रमा पथ और नीलाभ गार्डन की हालत बदतर हो गयी है।

हरिभूमि सरोकार

## ऐतिहासिक तालाब और गार्डन की दुर्दशा, निगम प्रशासन मौन






### कल दिखवाता हूं

*बूढ़ातालाब के नीलाभ गार्डन की लाइट बंद है, इसे कल ही दिखवाता हूं। आम जनता को किसी तरह की असुविधा न हो, इस बात का पूरा ध्यान रखा जायेगा। पर्यटन मंडल के अधिकारी बूढ़ातालाब और नीलाभ गार्डन की लाइट व्यवस्था देखते हैं, उन्हें निगम मुख्यालय में बुलवाकर बिजली व्यवस्था सुधरवाने निर्देशित किया जायेगा।*

*- मुरली शर्मा, अध्यक्ष, जोन 4, नगर निगम रायपुर*

### अंधेरे में डूबी स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा

युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की ध्यानमग्न आदमकद प्रतिमा इन दिनों पूरी तरह अंधेरे में डूबी हुई नजर आ रही है। स्वामी विवेकानंद सरोवर की उपेक्षा का यह जीता-जागता प्रमाण है। न इस ओर महापौर और उनकी परिषद ध्यान दे रही है और न ही निगम आयुक्त की नजर है। शहर के मध्य स्थित प्राचीन सरोवर और नीलाभ उद्यान में महीनेभर पहले भी यही स्थिति निर्मि हुई थी। हरिभूमि ने इस ओर महापौर मीनल चौबे का ध्यान आकर्षित कराया, तब जाकर गार्डन के एंट्री पाइंट की लाइट शुरू हुई।



# एआई डाटा सेंटर छत्तीसगढ़ में होना गर्व का विषय : चैंबर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



■ अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिलेगा लाभ

छत्तीगसढ़ चैंबर ऑफ कामर्स के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि देश का पहला एआई डाटा सेंटर हमारे छत्तीगसढ़ में होना गर्व का विषय है। यह कदम छत्तीगसढ़ में टेक्नोलॉजी की दिशा में नया आयाम स्थापित करेगा। पंजीयन विभाग की 10 नई सुविधाओं की शुरुआत होने से न केवल शहरी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के रहवासियों को सहूलियत होगी।

नवा रायपुर के अटल नगर में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन और राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा के साथ एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस मौके पर पंजीयन विभाग की 10 नई सुविधाओं का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सतीश थौरानी सहित चैंबर के पदाधिकारी शामिल हुए। चैंबर के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा, छत्तीसगढ़ हर क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनता की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पंजीयन विभाग की दस नवीन सुविधाओं का शुभारंभ किया है, जिसमें आधार आधारित प्रमाणीकरण, ऑनलाइन सर्च एवं डाउनलोड, कैशलेस भुगतान, डिजीलॉकर, व्हाट्सएप नोटिफिकेशन के साथ ही घर बैठे रजिस्ट्री, डिजीडॉक्यूमेंट और स्वतः नामांतरण जैसी सेवाएं शामिल हैं। सतीश थौरानी ने कहा रैक बैंक एआई डाटा सेंटर का शिलान्यास हुआ है, जो छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी की दिशा में नए आयाम स्थापित करेगा। रैक बैंक एआई डाटा सेंटर के शिलान्यास से मुख्यमंत्री ने राज्य में आईटी, आईटीईएस, इलेक्ट्रॉनिक्स और डेटा सेवाओं से जुड़े एक नए इको-सिस्टम

### मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

चैंबर अध्यक्ष ने इस मौके पर कहा, देश का पहला एआई डाटा सेंटर हमारे छत्तीसगढ़ में होगा यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इसके लिए चैंबर परिवार की ओर से वे मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। कार्यक्रम में चेंबर ऑफ कॉमर्स के कोषाध्यक्ष निकेश बरडिया, राधाकृष्ण सुंदरानी, राजेश वासवानी, शंकर बजाज , राजू भाई तारवानी, प्रशांत गुप्ता, अशोक मालानी, गोविंद बाधवानी, स्वाधीन जैन, नंदकिशोर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, जनक वाधवानी, पंकज चिजवानी, दिलीप इसरानी, कन्हैया गुप्ता , निलेश मूंदड़ा, श्रीनिवास रेड्डी उपस्थित रहे।

# एक बोर में मिला कॉलरा का बैक्टीरिया, दूषित जल के प्रयोग से डायरिया पीड़ितों की संख्या सौ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

माना से लेकर ग्राम टेमरी के एक बोरवेल में कॉलरा के बैक्टीरिया मिले हैं। गांववालों के साथ विवाह समारोह में पहुंचे लोगों ने भी इस दूषित जल का उपयोग कर लिया, जिससे डायरिया के मामले बढ़ गए। अब तक पीड़ितों की संख्या सौ तक पहुंच चुकी है और आधा दर्जन का इलाज अस्पताल में चल रहा है। डायरिया के बीच एक मरीज की हैजा की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी, जिसके बाद विभागीय अमले में हड़कंप मचा हुआ था, जो दूसरा केस सामने नहीं आने पर शांत हुआ है।

■ टैंकरों की मदद से पानी की आपूर्ति, स्वास्थ्य अमला अभी भी डटा हुआ

टेमरी के स्टेशन पारा में रहने वाले ग्रामीणों पर मौजूद 4 बोरवेल से पानी लेने पर पूर्णतः पाबंदी लगा दी गई है। उन्हें नगर पंचायत की मदद से टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। गांव में लगाए गए स्वास्थ्य शिविर में अभी भी पीड़ित मिल रहे, जिनका आवश्यकता के अनुसार इलाज किया जा रहा है और स्थिति गंभीर होने पर उन्हें सिविल अस्पताल माना लाकर भर्ती किया जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक संदेह के आधार पर वहां उपयोग किए जाने वाले बोरवेल के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था, जिसमें एक में बैक्टीरिया की पुष्टि हो चुकी है। संदेह के आधार पर सभी बोरवेल की सफाई कराई गई है और रिपोर्ट निगेटिव



आने तक उसके उपयोग की मनाही की गई है। गांव की एक महिला को हैजा होने की पुष्टि होने के बाद आधा दर्जन लोगों के सैंपल जांच के लिए भेजा गया था, जो रिपोर्ट निगेटिव मिली है। डायरिया प्रभावितों की संख्या सौ तक पहुंची चुकी है, जिसमें से आधा दर्जन अस्पताल में भर्ती हैं। सूत्रों के अनुसार गांव में जब डायरिया की शिकायत हुई, उसी दौरान वहां हुई एक शादी में आए मेहमानों ने भी इस दूषित जल का उपयोग किया था, इसलिए उल्टी-दस्त के पीड़ितों की संख्या बढ़ गई थी।

### अफसर लगातार कर रहे निगरानी

टेमरी के हालात को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं। माना सिविल अस्पताल के प्रभारी डा. आशीष मेश्राम ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में आने वाले लोगों की स्थिति के आधार पर उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। शिकायत लेकर आने वालों की संख्या अब कम हो चुकी है। जिला मुख्यालय की टीम लगातार जांच के लिए वहां पहुंच रही है।

# बदमाश पुलिस को दे रहे चुनौती, सप्ताहभर में चार हत्या और दो लूट से सनसनी

■ दर्ज हत्या, लूट के दो मामलों को ही पुलिस अब तक सुलझा पाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

बदमाशों के खिलाफ सख्ती बरतने के दावों के बीच अपराधी पुलिस को लगातार चुनौती दे रहे हैं। राजधानी के तीन थाना क्षेत्र खमतराई, तिल्दा नेवरा के साथ डीडीनगर में बदाशों ने एक सप्ताह के भीतर चार हत्या के साथ टाटीबंध तथा समता कालोनी में दो बड़ी लूट की है। आधा दर्जन मामलों में से पुलिस केवल दो हत्या की गुत्थी सुलझा पाई है, बाकी अन्य घटनाओं को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है। हत्या की तीन घटनाओं का कारण शराब रही है।

खमतराई थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर विकास विश्वकर्मा ने सागर नामक युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी। हालांकि पुलिस ने हत्या की गुत्थी 24 घंटे के भीतर सुलझाने में कामयाबी हासिल की। घटना स्थल के पास लगे सीसीटीवी फूटेज में संदिग्ध हालत में घूमते पाए जाने पर पुलिस ने विकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो हत्या की गुत्थी को पुलिस सुलझा पाई।

### लाश के पास मिले चखना पैकेट, खून लगा पत्थर

*तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में ही चार दिन पूर्व बेमता गड़रिया नाला के पास लक्ष्मण उर्फ राजू भट्ट (45) की लाश मिली है। लाश के सिर के पास खून से लगा पत्थर मिला है। लक्ष्मण की हत्या सिर पर पत्थर मारकर की गई है। घटना स्थल के पास पुलिस को दो चखना के पैकेट भी मिले। आशंका जताई जा रही है कि शराब पीने के विवाद के दौरान बदमाशों ने लक्ष्मण के सिर पर पत्थर मारकर हत्या की होगी। लक्ष्मण के हत्यारों का पुलिस अब तक सुराग नहीं ढूंढ पाई है।*





*शराब पीने से मना करने पर चौकीदार की हत्या : तिल्दा-नेवरा थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व धान फड़ में बैठकर शराब पीने से मना करने पर दो नाबालिग सहित चार बदमाशों ने एक निर्माणाधीन गोदाम के चौकीदार गोविंदा की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद बदमाश ने साक्ष्य छिपाने चौकीदार के चेहरे पर सीमेंट पोल मारकर चेहरा विकृत करने की कोशिश की थी। पुलिस ने घटना में शामिल चारों बदमाशों को सीसीटीवी फूटेज की मदद से गिरफ्तार कर लिया है।*

### दो लूट की घटना, आरोपी पकड़ से बाहर

राजधानी में पिछले दिनों दो लूट की घटना हुई है। दोनों लूट की घटना को सुलझाने में पुलिस को अब तक कामयाबी नहीं मिली है। एक्टिवा सवार बदमाशों ने शहर के व्यस्ततम इलाकों में से एक समता कालोनी में एक कंस्ट्रक्शन कंपनी के कलेक्शन एजेंट के साथ चार लाख 40 हजार की लूट की। इसी तरह से आमानाका थाना क्षेत्र में एक 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला को लिफ्ट देने के बहाने अज्ञात बदमाश ने अटारी ले जाकर उसका गला दबाकर बेहोश करने के बाद कान की बाली खींचकर निकाल ली, साथ ही हाथों में पहने सोने के कंगन निकालकर फरार हो गया। दोनों लूट की घटना में पुलिस को बदमाशों का अब तक किसी भी प्रकार से कोई सुराग नहीं मिला है।

### बल्ली से सिर पर वार उपचार के दौरान मौत

डीडी नगर थाना क्षेत्र में चार दिन पूर्व बुधवार को दोपहिया तथा ई-रिक्शा के टकराने के विवाद पर एक पड़ोसी ने अपने ही पड़ोसी के सिर पर बल्ली से वार कर गंभीर रूप घायल कर दिया था, जिसकी रविवार को अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक जी. समैया राव जो सहकारी बैंक में नौकरी करता है, वह घटना दिनांक को दोपहर पौने दो बजे स्कूटी से अपने घर जा रहा था। इस दौरान जी. समैया की स्कूटी उसके पड़ोसी पिंटू राव के ई-रिक्शा से टकरा गई। इस बात से नाराज होकर पिंटू ने अपने ई-रिक्शा में रखी बल्ली से जी. समैया के सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार दोनों पड़ोसियों के बीच पुरानी रंजिश है। पूर्व में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने की कई शिकायतें दर्ज कराई हैं।

# सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में पानी की किल्लत, रहवासियों ने किया प्रदर्शन

■ समस्या का समाधान नहीं होने पर निगम मुख्यालय घेराव की दी चेतावनी

■ निगम प्रशासन के खिलाफ की नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के लोग जल संकट से परेशान हैं। नगर निगम को टैक्स जमा करने के बाद भी इस इलाके में पेयजल की समस्या बनी हुई है। रविवार को रहवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर प्रदर्शन किया। इनका ये भी कहना है निगम के अधिकारियों से लेकर वार्ड पार्षद तक से जल संकट दूर करने गुहार लगाई, पर किसी ने उनकी समस्या पर ध्यान नहीं दिया। रहवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल संकट की समस्या जल्द दूर नहीं की, तो सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के रहवासी निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे।

सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 के 250 परिवार भीषण गर्मी में पानी के संकट से जूझ रहे हैं। शिकायत के बाद भी इसकी अनदेखी से नाराज रहवासियों ने निगम प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कालोनी के रहवासी डॉ. जितेंद्र वर्मा ने बताया कि पिछले 4 साल से सड्डू कैपिटल सिटी फेज 2 में जल संकट से लोग परेशान हैं। नगर निगम ने पेयजल आपूर्ति के



लिए 2 इंच की पाइप लाइन बिछाई है, पर इसमें पानी नहीं आ रहा है। यही नहीं, कालोनी का बोरवेल सूख गया है, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। नगर निगम जोन 9 कमिश्नरी को हमने पेयजल संकट से अवगत करा दिया है, इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं की गई। प्रभावित कालोनी के रहवासियों ने पानी की समस्या के प्रति निगम प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराने रविवार को एक दिवसीय धरना दिया।

# एम्स के डॉक्टर ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

एम्स में पढ़ाई कर रहे एक डॉक्टर ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात अपने फ्लैट में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। खुदकुशी का कारण अज्ञात है। आमानाका थाने की पुलिस को डॉक्टर की खुदकुशी की जानकारी शनिवार दोपहर को मिली। डॉक्टर हैदराबाद का रहने वाला था। परिजनों को पुलिस ने डॉक्टर की खुदकुशी की जानकारी दे दी है। सोमवार को परिजनों के आने के बाद पोस्टमार्टम किया जाएगा। परिजनों के बयान के बाद ही डॉक्टर की खुदकुशी के कारणों का पता चल पाएगा। खुदकुशी करने वाले डॉक्टर का नाम ए. रवि (26) है। वह हर्षित टॉवर में किराए के मकान में अपने एक अन्य पार्टनर के साथ रहता था। घटना के समय मृतक डॉक्टर का पार्टनर फ्लैट में नहीं था। शुक्रवार से अपने कमरे में जाने के बाद ए. रवि के कमरे का दरवाजा बंद था। दूसरे दिन दोपहर साढ़े 12 बजे तक ए. रवि ने अपने कमरे का दरवाजा नहीं खोला तो मृतक डॉक्टर के रूम पार्टनर ने अपने साथियों के साथ एम्स प्रबंधन को इसकी जानकारी दी। एम्स प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।



## खबर संक्षेप



### सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**महासमुंद।** 5 मई 2025 को राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली में मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 42 मरीजों को निःशुल्क दवाई के साथ मनोसामाजिक परामर्श दिया गया। यह डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ एचएल जांगड़े बीएमओ, डॉ वर्षा सतपथी मेडिकल ऑफिसर, शीतल सिंह बीपीएम, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे, टेकलाल नायक आदि मौजूद रहे।

### महिला और उसके भाई से मारपीट

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला ओर उसके भाई के एक व्यक्ति ने मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को प्रार्थिया ममता देवार ने बताया कि ममता देवार निवासी नयापारा सुबह 5 से 6 बजे के बीच अपने भाई देवा देवार के साथ अपने निजी काम से बाजार ओर जा रही थी, आईडीबीआई बैंक के पास पहुंचने पर आरोपी सागर देवार पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगा। मना करने पर आरोपी ने उसे और उसके भाई के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# शहर के सर्वांगीण विकास को लेकर लगभग 50 करोड़ रुपए मांग पत्र सौंपकर केंद्रीय राज्यमंत्री से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आवास एवं शहरी विकास केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के ओडिशा प्रवास से वापसी पर महासमुंद रेलवे स्टेशन में भाजपा नेताओं द्वारा पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, भाजपा जिला अध्यक्ष ऐतराम साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी नेतृत्व में स्वागत अभिनंदन किया गया। साथ ही शहर के विकास पर नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने लगभग 50 करोड़ की मांग पत्र भी सौंपा।

इसमें प्रमुख रूप से पिटियाझर से मौहारीभाठा तक मृत नहर लिंक रोड निर्माण 3200 लाख रुपए जो कि वर्षो से लंबित मांग है। रोड निर्माण से आवागमन सुलभ होगा नवीन एवं आधुनिक बस स्टैंड खैरा में निर्माण के लिए 650 लाख रुपए, संजय कानन में सौंदर्यीकरण, उन्नयन एवं स्वीमिंग पुल निर्माण के लिए 500 लाख रुपए, शहर के हृदय स्थल नेहरू चौक के ट्रैफिक सिग्नल के चारो रास्ते में उंची हाईट का शेड निर्माण लाइटिंग के लिए 100 लाख रुपए, ओवरब्रिज के नीचे दोनों तरफ व्यवसायिक कांप्लेक्स एवं सौंदर्यीकरण के लिए 200 लाख रुपए एवं तालाबों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण, पचरी निर्माण के लिए राशि मांगी गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास के नियमों में गरीब जनता के लिए शिथिलता बरतने के लिए मंत्री से मांग की गई की। संयुक्त स्वामी के जमीन पर सहमति देने पर आवास की अनुमति दी जाए, भूमिहीन परिवारों के लिए शासकीय भूमि में मल्टी स्टोरी आवास बनाया जाए। नगरीय क्षेत्रों में कालोनाइजर से प्राप्त डब्ल्यूईएस की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास मल्टी स्टोरी में बनाकर तालाब किनारे रेलवे किनारे बसे लागों को बसाया जाए। शासकीय जमीन में वर्षो से निवासरत गरीब मध्यम वर्गीय परिवारों को नजूल पट्टा जारी कर आवास योजना का लाभ दिया जाए। इसी तरह शहरी आजीविका मिशन में वर्षों से कार्यरत महिला संगठकों को नियमितीकरण व वेतन वृद्धि किया जाए। वर्तमान में आजीविका मिशन योजना 1 अप्रैल से बंद कर दिया गया, उसे पुनः चालू कराया जाए। इन सभी मांगों को भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने भी अनुमोदित किया। मंत्री से शहर विकास के लिए राशि जारी करने का अनुरोध किया।

केंद्रीय राज्यमंत्री साहू ने आश्वास्त किया कि सभी मांगों पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देकर शहर का विकास कराया जाएगा।

# नपाध्यक्ष ने जल समस्या के निराकरण के लिए जल संसाधन को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर में बढ़ते जल समस्या को लेकर बागबाहरा नपाध्यक्ष खिलेश्वरी छोटू बघेल ने कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग को पत्राचार किया है। नपाध्यक्ष ने बताया कि विगत 15 साल से नगर पालिका क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। लगातार भूजल स्तर नीचे चला गया है। नगर में लगे सरकारी हैंडपंप एवं नलकूप सूखने के कगार पर पहुंच चुके हैं, ऐसे में नगरवासियों को पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। नगर पालिका परिषद बागबाहरा की वर्तमान जनसंख्या 26300 है। नगर पालिका परिषद बागबाहरा द्वारा जल आवर्धन योजना को नलकूप के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। ग्रीष्मकाल में नलकूपों का जल स्तर अत्यंत नीचे चले जाने के कारण प्रतिवर्ष पेयजल आपूर्ति किया जाना संभव नही है। निकाय के आस-पास



महज पांच किमी की दूरी पर चण्डी बांध, साथ ही 20 किमी दूर चरौदा बांध एवं 30 किमी दूर कोडार बांध स्थित है। इन तीनों बांध पर पूरे वर्षभर पानी रहता है। आम नागरिकों के सुदृढ पेयजल व्यवस्था के लिए अमृत मिशन 2.0 के तहत तीनों बांधों में से किसी एक बांध को पानी उपलब्धता के अनुसार पेयजल आपूर्ति के लिए चिन्हांकित कर बागबाहरा नगर पालिका को जल समस्या से निजात दिलाए।

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का समाधान की दिशा में प्रभावी पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- कांवरपाली में जल जीवन मिशन योजना के तहत नल जल प्रदाय शुरू
- ग्राम सभा प्रस्ताव पर गणेशपुर निवासी किशोर कुमार को मिला जाति प्रमाण पत्र



सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन द्वारा प्रभावी पहल की जा रही है। इसी कड़ी में सरायपाली अंतर्गत ग्राम कांवरपाली में जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर नल की सुविधा प्रदान की गई। वहीं बसना के ग्राम पंचायत गणेशपुर निवासी किशोर कुमार साहू को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया।

सरायपाली विकासखंड के ग्राम कांवरपाली में नल जल योजना के तहत जल प्रदाय में आई समस्या का समाधान कर दिया गया है। आवेदक जयराम चौहान एवं मुखलेंद्र सागर पटेल द्वारा जल आपूर्ति बाधित होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। प्रशासन ने इस समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए 26 अप्रैल 2025 को जल जीवन मिशन योजना के उच्च स्तरीय जलागार के माध्यम से जल प्रदाय प्रारंभ किया। अब ग्राम कांवरपाली के सभी घरों में नल के माध्यम से स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इस पहल से ग्रामवासियों को बड़ी राहत मिली है और वे अब नियमित जल आपूर्ति का लाभ उठा रहे हैं। इस समाधान के लिए ग्रामवासियों ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), बसना द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत गणेशपुर के निवासी किशोर कुमार पिता शशि कुमार जाति ओड़यिा को जाति प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया है। यह प्रमाण पत्र ग्राम सभा गणेशपुर के प्रस्ताव के आधार पर विधिवत रूप से जारी किया गया। यह पहल शासन की तत्परता एवं जनहितकारी योजनाओं के त्वरित क्रियान्वयन का प्रतीक है।

# प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला आश्रम में सम्मान समारोह एवं सत्संग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

ग्राम पंचायत तरेकेला स्थित प्राचीन कबीर कुटी आश्रम के महंत लखन मुनी द्वारा सम्मान व सत्संग का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धर्माधिकारी साहेब कबीर आश्रम खरसिया व विशिष्ट अतिथि बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने सद्गुरु कबीर सत्संग एवं स्वागत सम्मान समारोह में भाग लिया। आश्रम पहुंचने पर उन्हें शॉल और संत कबीर साहेब का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।



अपने संबोधन में विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने आश्रम को एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र बताया, जो संत कबीर की शिक्षाओं को जीवंत रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थान कबीरपंथी अनुयायियों के लिए आस्था और सत्संग का केंद्र है, जहां श्रद्धालु संत कबीर के विचारों पर आधारित प्रवचन एवं भजन-कीर्तन में भाग लेकर उनके संदेशों को आत्मसात करते हैं। विधायक डॉ अग्रवाल ने जनपद पंचायत बसना सभापति प्रकाश सिन्हा, पत्रकार सेवक दास दीवान, पत्रकार ऋषिकेशन दास, पत्रकार अभय धृतलहरे, सत्यप्रकाश श्रीवास्तव , डाक्टर गजानंद अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया।

बता दें कि आश्रम में गरीबों एवं जरूरतमंदों की सहायता के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। महासमुंद जिले की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के तहत यह आश्रम कबीरपंथ की परंपराओं को बनाए रखने एवं उनके प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस आयोजन से कबीर कुटी आश्रम की आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा मिली है, जिससे समुदाय को प्रेरणा और मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर प्राचीन कबीर कुटी तरेकेला के महंत लखन मुनि साहेब, कबीर पंत धर्माधिकारी साहेब, पत्रकार कल्याण महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सेवक दास दीवान, ऋषिकेशन दास सह सचिव, अभय धृतलहरे जिला प्रभारी, सुशीला अंबू, जनपद सभापति हरिप्रसाद पटेल अंबू, जनपद सभापति प्रकाश सिन्हा, ग्राम सरपंच जमुना प्रेम सागर पटेल, ग्राम उपसरपंच जैत कुमारी, जनपद सदस्य विमला बेहरा, जनपद सभापति मीना ऋषिकेशन पटेल, जनपद सभापति मधु खूंटे, जयंती अग्रवाल, जनपद सदस्य दुखनी बाई, जिला कार्यकारिणी सदस्य परशुराम गड़तिया सहित भारी मात्रा में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### समाधान शिविर में 12 श्रमिकों का हुआ पंजीयन, हितग्राहियों को वितरित किए गए श्रम कार्ड

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार के अंतिम व तृतीय चरण अंतर्गत महासमुंद जिले के विभिन्न विकासखंडों में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर महासमुंद विकासखंड के ग्राम पंचायत बिरकोनी, नगर पंचायत तुमगांव, बागबाहरा के ग्राम पंचायत कोमाखान तथा पिथौरा के ग्राम पंचायत गोपालपुर में आयोजित किया गया। इस शिविर में श्रम विभाग द्वारा पंजीयन/नवीनीकरण एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी आम नागरिकों एवं हितग्राहियों को दी गई। शिविर में कुल श्रमिक पंजीयन के लिए 12 नए आवेदन प्राप्त हुए। इनमें ग्राम पंचायत बिरकोनी से 08, नगर पंचायत तुमगांव से 01, ग्राम पंचायत कोमाखान से 02 एवं ग्राम पंचायत गोपालपुर से 01 आवेदन शामिल हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार, श्रम विभाग की टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आवेदकों का पंजीयन कर, श्रमिक पंजीयन प्रमाण पत्र उन्हें शिविर स्थल पर ही जनप्रतिनिधियों के द्वारा प्रदान किया गया। श्रम कार्ड प्राप्त कर हितग्राहियों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अब उन्हें श्रम विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे शिक्षा सहायता, विवाह सहायता, चिकित्सा सहायता आदि का लाभ लेने में सुविधा होगी। समाधान शिविर के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुँच रही है तथा पात्र नागरिकों को त्वरित लाभ मिल रहा है।

# बिरकोनी के नेहरू स्मृति विद्यालय में कक्षा पांचवीं में रिया व आठवीं में आमिनी प्रथम

**बिरकोनी।** नेहरू स्मृति विद्यालय बिरकोनी में कक्षा पहली से आठवीं तक इस 2024-25 सत्र में कुल 347 छात्र-छात्राएं दर्ज थे। जिसमें सभी बच्चों परीक्षा में शामिल हुए। स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा।

इसमें कक्षा पहली में प्रथम स्थान उज्ज्वल पटेल 99.33 प्रतिशत, द्वितीय धात्री पटेल, में धांसू साहू 98.66, तृतीय नमन साहू,छयंक साहू 98, कक्षा दूसरी में प्रथम जीविका पटेल 99.33 अंक, द्वितीय आयुष कुमार पटेल 99.32, तृतीय जागृती चक्रधारी 98.66, कक्षा तीसरी में पायल साहू 95.5, द्वितीय मीनाक्षी साहू 99, तृतीय हिमांशु पटेल 98.5, कक्षा चौथी में प्रथम तान्या साहू 99.5, द्वितीय हेमिश चंद्राकर 99, तृतीय





कुसुमलता पटेल, भेषराज साहू 98.5, कक्षा पांचवी में रिया साहू 95, द्वितीय कुणाल साहू 85, गोविंदा पटेल 84, कक्षा छठवीं में कौशिल्या यादव 98.16, द्वितीय तरुण कुमार निषाद 97.33, तृतीय केशरी साहू 96.66, कक्षा सातवीं में मंजिता ढीढी 97, द्वितीय हरीश साहू 96, तृतीय त्रयांशु चंद्राकर, रूपेश चंद्राकर 95, कक्षा आठवीं में प्रथम आमिनी साहू 94.5, द्वितीय अंजलि चंद्राकर 89.8, तृतीय यामिनी निर्मलकर 89.5 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान पर रही। प्रधान पाठक टूपसिंग निषाद ने सभी छात्रों को मिठाई खिलाकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ग्राम के जनप्रतिनिधि, शाला विकास समिति एवं पालकों ने भी छात्रों की सफलता पर हर्ष जताया।

## बिजनेस साईट

# पानी से भरे टब में गिर गया बच्चा, आठ दिन के गहन उपचार के बाद मिली छुट्टी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पानी से भरे टब में गिरे डेढ़ वर्षीय बच्चे को गंभीर हालात में शहर के अग्रवाल नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। परिजनों ने बताया कि से बच्चा पानी में डूब गया था। डॉ. अमित अग्रवाल के अनुसार तत्काल बच्चे को वेंटिलेटर मशीन में डाला गया और आक्सीजन की कमी के चलते आ रहे झटके को रोकने की दवाइयां और अन्य उपचार शुरु किया गया। लगभग तीन से चार दिन बाद बच्ची जीवन और मौत के बीच की लड़ाई को लड़ते हुए आखिरकार नया जीवन प्राप्त किया।

बच्चे को 8 दिनों बाद स्वस्थ हालत में अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। परिजनों ने अग्रवाल नर्सिंग होम के डॉक्टर अमित अग्रवाल व उनके सारे स्टाफ आभार व्यक्त किया। नर्सिंग होम में बच्चे का पूरा ईलाज आयुष्मान कार्ड के अंतर्गत मुफ्त में किया गया।

### बोर खनन के लिए भूमिपूजन



**महासमुंद।** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड नंबर 28 में गर्मी को देखते हुए वार्डवासियों की मांग पर दुर्गा मंदिर पास बोर खनन के लिए भूमिपूजन पार्षद विजय साव ने किया। इस अवसर पर वार्ड 18 के पूर्व पार्षद गिरधर यदु, पार्षद प्रतिनिधि धनीराम यादव, नंदू पटेल, भागवत वर्मा, राजेश चंद्राकर, खिलेंद्र राजपूत, मोंटू साहू, कृष्णकांत चौहान, शैलेंद्र यादव, शंकर साहू, देवेंद्र साहू, थन्ना यादव, सुखीराम यादव, ओमप्रकाश सिन्हा, कपिल यादव, रोहित साहू, सोनू यादव, राजू चौहान सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

# अब बनियातोरा के ग्रामीणों को गांव में मिलेगा राशन

**नर्रा।** बागबाहरा विकासखंड के अंतिम छोर ओडिशा सीमा लगे ग्राम पंचायत परकोम में उचित मूल्य की दुकान संचालित है। इस पंचायत के आश्रित ग्राम बनियातोरा सम्मिलत है। इस ग्राम के लोगों को राशन लेने 6 से 7 किलोमीटर दूरी तय कर जाना पड़ता है और तो और ग्राम बनियातोरावासी बरसात के दिनों में कीचड़ भरी कच्ची सड़क जो कन्हार मिट्टीयुक्त है। यदि बारिश हुई तो पैदल चलना मुश्किल है। लोगों को भारी परेशानियों का सामना कर जाना पड़ता है। चूंकि, इस गांव के लिए बहुत परेशानी कई सरकार आए और चले गए, लेकिन सिर्फ आश्वसन ही मिला। आज भी इस गांव के लोग पक्की सड़क के लिए तरस रहे है। इस पंचायत के नवीन



सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल ने बताया कि इस गांव के 160 राशन कार्डधारियों को अब हर माह ट्रैक्टर से राशन ले जाकर गांव में इसी माह से राशन वितरण की शुरूआत की गई। उन्होंने बताया कि वहां के हितग्राहियों को राशन लेने ग्राम पंचायत परकोम जाना पड़ता था। बरसात के दिनों में लाने ले जाने में भारी परेशानी होती है। इसे देखते हुए गांव में राशन बांटने का निर्णय लिया गया। इससे से ग्रामीण अति उत्साहित है। ग्रामीणों ने सरपंच का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जनपद सदस्य लोचन पटेल, सरपंच प्रतिनिधि परमेश्वर पटेल, उपसरपंच खिलावन यादव, गणेश पटेल, नवीन सेन, यादराम पटेल, अमरसिंह पटेल, यादोराम हितग्राही, सोहंद्री सेन, रीनाबाई, सुकवारो, श्यामबाई, नीतू, बिमला, लीलाबाई इत्यादि उपस्थित रहे।

# पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रस्ताव पारित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक हुई। बैठक में एक राष्ट्र-एक चुनाव पर प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही राष्ट्रपति को प्रस्ताव भेजने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। वहीं पहलगांव में धर्म पूछ कर पर्यटकों की हत्या की निंदा की गई। शोकसभा आयोजित कर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की की गई।

नए सदस्यों का सम्मान श्रीफल एवं अंग वस्त्र भेंटकर किया गया। जिसमें कोमल सिंह ध्रुव, चमन लाल साहू, राधेश्याम बगर्ती, संपत सिंह गौतम, नारायण प्रसाद साहू का सम्मान किया गया। उन्हें सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। माह मई में जिन पेंशनरों का जन्मदिन है, उनका जन्मदिन मनाया गया। जिसमें बलराम ध्रुव, लखनलाल कन्नौजे, संपत सिंह गौतम को श्रीफल भेंट किया गया। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा द्वारा पेंशनर फोरम का गठन किया गया है। जिसके अनुसार रूपेश तिवारी को संभागीय संयोजक एवम डा अशोक गिरि गोस्वामी को जिला संयोजक महासमुंद मनोनीत किया गया है। इसकी जानकारी बैठक में दी गई। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के साथ मिलकर के पेंशनरों की समस्याओं के लिए आवाज बुलंद करने के लिए संयोजक वर्मा ने प्रेरित किया। बैठक में प्रमुख रूप से केआर चंद्राकर, हरक राम चंद्राकर, केके हनुमंता, अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष, रामकुमार जोगी, बैशाखूराम देवांगन, बलराम ध्रुव, बसंत चंद्राकर,चमन लाल साहू, थान सिंह ठाकुर, अध्यक्ष बागबाहरा, कोमल सिंह ध्रुव, नारायण प्रसाद साहू, आरके वर्मा, भाव सिंह नेताम, केएस देवांगन, रामकुमार साहू, सतीश पांडेय, रघुनाथ सिन्हा, गौतम सिंह दीवान, लखन लाल कन्नौजे, बैसाखूराम निर्मलकर, तेजराम साहू, रामकुमार चंद्राकर, संपत सिंह गौतम, लेख राम साहू, मन्नू लाल साहू, रामलाल साहू, ओंकार प्रसाद चंद्राकर, गोपाल सिंह ध्रुव, बसंत साहू, चमन लाल चंद्राकार, डीसी राव भोसले, केके चंद्राकर, अर्जुन लाल साहू, एस चंद्राकर,महेश कुमार शर्मा, सनमान सिंह दीवान, राजकुमार साहू आदि मौजूद रहे।



## खबर संक्षेप



### वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती 9 को

**महासमुंद।** राजपूत क्षत्रिय समाज की एक आवश्यक बैठक नयापारा स्थित सामाजिक भवन में 4 मई को हुई। जिसमें स्वाधीनता आंदोलन के महानायक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती 09 मई को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। उक्त दिवस पर संध्या 05 बजे सामाजिक भवन में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की पूजा अर्चना कर महाराणा प्रताप के जीवन पर गोष्ठी आयोजित की जाएगी। साथ ही समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। उक्त जानकारी समाज के संरक्षक भरत सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने दी है।



### खरोरा में मनाई गई सीता नवमीं

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में सीता नवमी पर्व पर माता सीता की पूजा अर्चना की गई। इस दौरान पंच अंजू चंद्राकर, मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, मौजूद रहे। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को सीता नवमी मनाई जाती है। इस दिन को सीता जयंती और जानकी जयंती के नाम से भी जाना जाता है। माता सीता मिथिला नरेश राजा जनक की पुत्री थीं, इसलिए उन्हें जानकी भी कहा जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वैशाख शुक्ल की नवमी तिथि के दिन माता सीता धरती पर प्रकट हुई थीं।

## निधन

### शांतिबाई सोनी

**महासमुंद।** शहर के कुर्मी पर वार्ड नंबर 17 निवासी शांतिबाई सोनी (82) का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे व्यास नारायण सोनी की माता, मयंक सोनी की दादी एवं विराट व हार्दिक की परदादी थीं। अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान शहर के नागरिक एवं समाजजन काफी संख्या में मौजूद रहे।



## सुशासन तिहार : समाधान शिविर के पहले दिन बिरकोनी, कोमाखान, गोपालपुर, तुमगांव में लगा शिविर

# जनता की हर मांग पूरी की जाएगी : विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत समाधान शिविर का आगाज सोमवार को जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम गोपालपुर हाईस्कूल भवन, बागबाहरा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोमाखान, महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी एवं नगरीय निकाय तुमगांव वार्ड क्रमांक 14 में हुआ। समाधान शिविर के पहले दिन विधायकगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर सहित आला अधिकारी शिविर में शामिल हुए। बिरकोनी शिविर में 12 ग्राम पंचायतों से कुल 11639 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसका निराकरण किया गया। यहां मांग के 11558 एवं शिकायत के 81 आवेदन प्राप्त हुए थे।

महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी में आयोजित समाधान शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान, जनपद सदस्य विजयलक्ष्मी जांगडे, सरपंचगण सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर पैकरा कार्यक्रम में मौजूद थे। शिविर में मुख्य अतिथि महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि संवाद से समाधान तक शिविर के उद्देश्य से आयोजित शिविर में जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार वंचितों और अंतिम छोर के व्यक्तियों को शासन की प्रमुख योजनाओं से जागरूक कर उन्हें लाभान्वित कर रही है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। शिविर में विधायक सिन्हा ने विभागीय योजना स्टॉल का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल प्रभारी और हितग्राहियों से चर्चा कर योजना का लाभ देने के निर्देश दिए।

महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकास को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, उज्ज्वला गैस योजना आदि का लाभ शत प्रतिशत पात्र हितग्राहियों को दिलाने के लिए सरकार कमर कसी है। प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वे का कार्य 15 मई तक बढ़ा दी गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी की हर कच्चे छत वाले परिवार को पक्का छत मुहैय्या कराया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत पुनः पोर्टल खुलने पर छूटे हुए का नाम जोड़ा जाएगा। विधायक सिन्हा ने कहा कि महासमुंद क्षेत्र में भी तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि महासमुंद में इंग्लिश मीडियम महाविद्यालय का निर्माण जल्द होगा। बीटीआई रोड में गौरव पथ का टेंडर हो गया है। वहीं महासमुंद से तुमगांव तक के चौड़ीकरण के लिए टेंडर का कार्य प्रक्रिया में हैं। अंचल में खाद की दिक्कत न हो इसलिए बड़े गोदाम बनाए जा रहे हैं। किसानों को राज्य बीज निगम से ट्रैक्टर खरीदने पर छूट दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि विष्णु के सुशासन में जनता की हर मांग पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं का लाभ पात्रतानुसार अवश्य उठाएं। इस अवसर पर शिविर में आए ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अभिनंदन पत्र, राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड एवं पौध वितरण भी किया गया।

शिविर में छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य समस्या के निदान के लिए है। अधिकारी जनता की हितों को ध्यान में रखते हुए समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यहां विभागीय स्टॉल भी लगाए गए हैं जहां योजनाओं की जानकारी लेकर पात्रतानुसार लाभ उठा सकते है। उन्होंने कहा कि राजस्व संबंधी मामलों को भी इस शिविर में सुलझाया जा रहा है। चंद्राकर ने लोगों से शिविर में पहुंचकर लाभ उठाने की भी अपील की। शिविर में प्रकाश शर्मा, मुन्ना साहू, बिरकोनी सरपंच चंदन चंद्राकर, तुला साहू, तेजेन्द्र शर्मा, जनपद सीईओ बीएस मंडावी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में हितग्राही मौजूद थे।





### गोपालपुर शिविर में बसना विधायक एवं कलेक्टर हुए शामिल

विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत गोपालपुर हाईस्कूल भवन में आयोजित समाधान शिविर में बसना विधायक सम्पत अग्रवाल एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह शामिल हुए। इस अवसर पर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली गई और आम जनता से समस्याओं के समाधान के बारे भी जानकारी ली। शिविर में विधायक अग्रवाल ने विभागीय स्टॉलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर शिविर में आए ग्रामीणों को मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत अभिनंदन पत्र, राशन कार्ड प्रदाय किया गया। इसी तरह तुमगांव और कोमाखान में आयोजित शिविर में जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण पहुंचे। ज्ञात है कि सुशासन तिहार का तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। जिसमें 6 मई 2025 को विकासखंड बसना अंतर्गत ग्राम पंचायत गनेकेरा एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंदुवा में शिविर आयोजित होगा। 7 मई को नगरीय निकाय महासमुंद अंतर्गत टॉउन हॉल वार्ड नंबर 06 महासमुंद में समाधान शिविर का आयोजन होगा। इसी तरह 8 मई को महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम बेमचा हाईस्कूल में, 9 मई को पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पेंड्रावन पूर्व माध्यमिक शाला भवन, बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम बड़ेसाजापाली हाईस्कूल परिसर, बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खम्हरिया, सरायपाली विकासखंड अंतर्गत छुईपाली मिडिल स्कूल में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## ग्राम गौरैया अभियान, खिसोरा के घरों में लगाया गया मिट्टी का बसेरा




हरिभूमि न्यूज ⏭ खल्लारी

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी के फार्मासिस्ट एवं दो कदम प्रकृति की ओर समिति (संगठन) के संस्थापक संजय साहू (आमाकोनी) ने बताया कि हर ग्राम गौरैया ग्राम अभियान का लगातार अपने जिले और क्षेत्र के गांवों के आलावा अब अन्य जिलों के गांव में यह अभियान शुरू की गई है।

ताकि, प्रदेश स्तर में गौरया सुरक्षित रहे और उन्हें आसानी से घोंसला मिले, यह कार्यक्रम लगातार चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौरैया पक्षी को कौन नहीं जानता, जैसा ही गौरैया का नाम आता है, हमारी बचपन की यादें ताजी हो जाती हैं।

लेकिन, समय के साथ इंसानों का रहन-सहन बदलते गया और गौरैया हमसे दूर होते गए। इन्ही समस्या को दूर करने के लिए दो कदम प्रकृति की ओर समिति, ग्राम आमाकोनी पिछले कई सालों से कार्य कर रही है। ये गौरैया के लिए मिट्टी का बना बसेरा (घोसला) घरों में लगाते हैं। जिससे गौरैया को अपना घोसला बनाने के लिए आसानी से जगह मिल जाता हैं।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल में समर कैंप का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद




छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश में विद्यार्थियों के लिए समर कैंप आयोजन करने निर्देशित किया गया है। इसी कड़ी में 5 मई से 16 मई तक चलने वाले समर कैंप का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य अमी रूफस एवं स्टाफ, पालक की उपस्थिति में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर संस्था के प्रमोद कुमार कन्नौजे, विकास यादव, दिव्येश वाणी उपस्थित रहे। प्राचार्य अमी रूफस ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि समर कैंप का लाभ लें। यहां बहुत कुछ सीखने मिलेगा। समर कैंप में कराए जाने वाली गतिविधियों में मुख्य रूप से योग, म्यूजिक एंड डांस, खेल एवं गेम्स, आर्ट एवं क्रॉफ्ट, वैदिक गणित, आरगेमी, क्ले आर्ट, सुडोकू, पर्सनालिटी डेवलपमेंट आदि गतिविधियां कराई जाएगी। समर कैंप में संस्था शिक्षक नेहा सिंह, आकांक्षा जैन, अंशुमाला बारिक, रौनक अग्रवाल, अंजू चंद्राकर, धृति श्रीवास्तव, पूर्णिमा चंद्राकर, प्रेम यादव, अंजली कहार द्वारा समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा जैन एवं आभार प्रदर्शन मीडिया प्रभारी प्रमोद कुमार कन्नौजे ने किया। समर कैंप में संस्था के प्रकाश साहू, मोहन कन्नौजे, झम्मन साहू, दुर्गा मानिकपुरी, माहेश्वरी पटेल का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

## एक देश, एक चुनाव लोकतंत्र की दिशा में एक निर्णायक कदम : तुषार



**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने एक देश एक चुनाव को लोकतंत्र की दिशा में निर्णायक कदम बताया है। उन्होंने कहा कि हर चुनाव के दौरान लाखों सरकारी कर्मचारियों को चुनावी ड्यूटी पर लगाया जाता है। जिससे उनके नियमित काम प्रभावित होते हैं। एक साथ चुनाव होने से यह समस्या एक बार में ही हल हो जाएगी और प्रशासनिक मशीनरी सुचारू रूप से काम कर सकेगी। बार-बार आचार संहिता लागू होने के कारण विकास कार्य रुकते हैं। एक ही समय पर सभी चुनाव होने से सरकार के पास निरंतर विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए पांच साल का स्पष्ट समय होगा।

तुषार ने बताया कि एक देश एक चुनाव की धारणा नई नहीं है। क्योंकि आजादी के बाद वर्ष 1950 में देश गणतंत्र बना। वर्ष 1951-52 से 1967 के बीच लोकसभा के साथ ही राज्यों के विधानसभा चुनाव पांच वर्ष में होते रहे थे। अब भारत में कुल 28 राज्य और 8 केंद्र शासित प्रदेश हैं। जिनमें से अधिकांश की विधानसभाओं का कार्यकाल अलग अलग समय पर समाप्त होता है।

### मध्यान्ह भोजन में संलग्न रसोइयों को दिया गया खाद्य सुरक्षा और प्रमाणन प्रशिक्षण

**महासमुंद।** खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिले में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम से जुड़ी रसोइयों को खाद्य सुरक्षा पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण निःशुल्क रूप से मेसर्स शिक्षा एवं कल्याण समिति झारखंड द्वारा आयोजित किया गया, जो कि खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से अधिकृत प्रशिक्षण संस्था है। यह कार्यक्रम आयुक्त, खाद्य सुरक्षा, छत्तीसगढ़ के निर्देश एवं हरिशंकर पैकरा अभिहीत अधिकारी सह अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महासमुंद के मार्गदर्शन में हुआ। प्रशिक्षण सत्रों में ज्योति भानु खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं शंखनाद भोई खाद्य सुरक्षा अधिकारी की सक्रिय उपस्थिति रही। जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर विकासखंड अधिकारियों द्वारा चयनित रसोइयों को खाद्य सुरक्षा प्रशिक्षण और प्रमाणन (बुनियादी) प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें विकासखंड महासमुंद से 33, बागबाहरा से 36 पिथौरा से 46, बसना से 30 एवं सरायपाली से 17 रसोइयों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य रसोइयों को खाद्य सुरक्षा, स्वच्छता एवं पौष्टिकता से संबंधित आवश्यक जानकारी प्रदान करना था, जिससे कि स्कूली बच्चों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन सुनिश्चित किया जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भविष्य में अपने कार्यों में गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

### संजय कानन के सामने से चखना ठेला हटाने नपाध्यक्ष ने दिए सख्त निर्देश



**महासमुंद।** नगर पालिका अध्यक्ष ने संजय कानन के समीप संचालित चखना सेंटरों को हटाने के निर्देश दिए हैं। संजय कानन पहुंचने वाले शहरवासी परिवार और महिलाओं की ओर से यहां पर बिगड़ते माहौल के चलते नपाध्यक्ष साहू से चखना सेंटरों को हटाने की मांग की गई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए नपाध्यक्ष ने रविवार देर शाम उद्यान का औचक निरीक्षण किया। जहां उद्यान के प्रवेश द्वार पर ही अनेक चखना ठेला संचालित हो रहे थे। वहीं शराबियों की जमघट भी लगी थी। शराबियों के कारण उद्यान आने वाले नागरिक काफी असहज व भयभीत महसूस करते थे। उन्होंने चखना ठेला संचालकों को सख्त हिदायत देते हुए तत्काल ठेला हटाने कहा। साहू ने कहा कि समझाइश के बाद भी चखना ठेला लगाए जाने पर जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। नपाध्यक्ष की समझाइश पर ठेला संचालकों ने चखना दुकान अन्यत्र लगाने हामी भरी।

## निर्वाचन आयोग जल्द लॉन्च करेगा एकल बिंदु ऐप, मौजूदा 40 से अधिक आईटी ऐप्स में होंगे सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

एक प्रमुख पहल के रूप में भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) एक नया उपयोगकर्ता-मित्र डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित कर रहा है, जो मतदाताओं सहित निर्वाचन से जुड़े सभी हितधारकों जैसे कि निर्वाचन अधिकारी, राजनीतिक दल और नागरिक समाज के लिए होगा। यह एकल प्लेटफ़ॉर्म, ईसीआईएनईटी, आयोग के 40 से अधिक मौजूदा मोबाइल और वेब एप्लीकेशन को एकीकृत करेगा। ईसीआईएनईटी एक आकर्षक यूजर इंटरफेस (यूआई) और सरल यूजर एक्सपीरियंस (यूएक्स) प्रदान करेगा, जिससे सभी चुनावी गतिविधियां एक ही मंच से पूरी की जा सकेंगी। इससे उपयोगकर्ताओं को कई ऐप डाउनलोड करने और अलग-अलग लॉगिन याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। इस मंच की कल्पना मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार द्वारा मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओएस) के सम्मेलन के दौरान की गई थी, जिसमें निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित थे। ईसीआईएनईटी उपयोगकर्ताओं को डेस्कटॉप या स्मार्टफोन के माध्यम से चुनावी डेटा तक पहुंच प्रदान करेगा। डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए केवल अधिकृत ईसीआई अधिकारी ही डेटा प्रविष्ट करेंगे। किसी भी विवाद की स्थिति में, वैधानिक प्रपत्रों में दर्ज मूल डेटा को प्राथमिकता दी जाएगी। ईसीआईएनईटी में वोटर हेल्पलाइन एप, वोटर टर्नाउट ऐप, सीविजिल, सुविधा 2.0, ईएसएमएस, सक्षम और केवासी एप जैसे ऐप सम्मिलित होंगे, जिन्हें मिलाकर अब तक 5.5 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है। यह मंच लगभग 100 करोड़ मतदाताओं और 10.5 लाख बूथ स्तर अधिकारियों (बीएलओ), 15 लाख राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त बूथ स्तर एजेंटों (बीएलए), 45 लाख मतदान अधिकारियों, 15,597 सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एईआरओ), 4,123 निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) और 767 जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) को लाभान्वित करेगा। ईसीआईएनईटी का विकास उन्नत चरण में पहुंच चुका है और इसकी कार्यक्षमता, उपयोग में आसानी और साइबर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए कठोर परीक्षण किए जा रहे हैं। इसे सभी 36 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सीईओ, 767 डीईओ और 4,123 ईआरओ से परामर्श के बाद और ईसीआई द्वारा समय-समय पर जारी किए गए 9,000 पृष्ठों वाले 76 दस्तावेजों की समीक्षा के उपरांत तैयार किया जा रहा है। ईसीआईएनईटी द्वारा प्रदत्त डेटा पूरी तरह से 1950 और 1951 के जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1960 के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1961 के निर्वाचन संचालन नियम, और ईसीआई के समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार होगा।

## समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को मिल रहा योजनाओं का लाभ, हो रहे सपने साकार

# हितग्राहियों को जॉब, राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ शासन की लोककल्याणकारी पहल संवाद से समाधान तक के अंतर्गत 5 मई से 31 मई तक महासमुंद जिले में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में समस्याओं का समाधान कर लोगों के सपने साकार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करना और शासन की योजनाओं का सीधा लाभ आमजन तक पहुंचाना है। इस पहल के माध्यम से शासन और जनता के बीच संवाद स्थापित कर, जनहितकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को पहले दिन महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत बिरकोनी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें हितग्राहियों को जॉब कार्ड, राशन कार्ड, ऋण पुस्तिका और अभिनंदन प्रमाणपत्र वितरित किए गए।



समाधान शिविर के दौरान शासन की अंत्योदय अन्न योजना और प्राथमिकता श्रेणी राशन कार्ड योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया। ग्राम बिरकोनी की अहिल्याबाई को अंत्योदय राशन कार्ड सौंपा गया। राशन कार्ड प्राप्त करने पर अहिल्याबाई ने कहा कि यह योजना गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए बहुत उपयोगी है। अब उन्हें नियमित रूप से सस्ती दरों पर खाद्यान्न प्राप्त हो सकेगा, जिससे परिवार की दैनिक जरूरतें पूरी करना आसान हो जाएगा। वहीं ग्राम अछरीडीह की भुनेश्वरी साहू, रागिनी बंजारे और सतवंतिन बंजारे को प्रमाणिकता कार्ड दिया गया। प्राथमिकता कार्ड मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब वे विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पात्र हो गई हैं। इससे उन्हें न केवल राशन की सुविधा मिलेगी, बल्कि अन्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से भी जुड़ाव होगा। यह कार्ड मिलने से उनके परिवार को अब हर माह पर्याप्त मात्रा में राशन मिलेगा, जिससे आर्थिक बोझ कम होगा और जीवनयापन आसान हो सकेगा। इसी प्रकार ग्राम बिरकोनी निवासी पन्नालाल को मौके पर ऋण पुस्तिका मिलने पर उन्होंने कहा कि अब राजस्व संबंधी कार्यां में सहूलियत होगी एवं देवशरण चंद्राकर को प्रधानमंत्री अभिनंदन पत्र मिलने पर कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्का घर मिला है अब उनका परिवार सुरक्षित है। जिले में संवाद से समाधान तक अभियान के तहत आयोजित इन समाधान शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को न केवल योजनाओं की जानकारी दी जा रही है, बल्कि उनके आवेदन भी त्वरित रूप से निराकृत किए जा रहे हैं।

